# राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय, अजमेर (राजस्थान) - 305001

## समूह 'ख' के सहायक मास्टर के पद हेतु रोज़गार सूचना

1. राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय, अजमेर (राजस्थान), जो रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक प्रतिष्ठित आवासीय पब्लिक स्कूल है, निम्नलिखित पदों के लिए भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है, जो नीचे उल्लिखित अपेक्षित योग्यताएं/विशिष्टताएं पूरी करते हों. आवेदन पत्र सादे कागज पर, विधिवत टाइप किए हुए या निर्धारित प्रारूप में साफ़-साफ़ हस्तलिखित होने चाहिए. सभी आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ, पूरी तरह से पूर्ण आवेदन पत्र, विधिवत सत्यापित, प्रधानाचार्य, राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय अजमेर, (राजस्थान) पिन-305001 को संबोधित होने चाहिए.

| पद का नाम | पद की संख्या | वर्गीकरण | पे बैण्ड और वेतन स्तर | आवश्यक शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएं |
|---|---|---|---|---|
| सहायक मास्टर भौतिकी | 01 (अजजा) | सामान्य केंद्रीय सेवाएं, समूह 'ख', अराजपत्रित, गैर-अनुसचिवीय | ग्रुप 'बी', अराजपत्रित, गैर-अनुसचिवीय वेतन स्तर-7, रु. 44900-142400 रुपये | **आवश्यकः**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातक की डिग्री;<br>(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से शिक्षा में स्नातक की डिग्री;<br>**वांछनीयः**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर;<br>(ii) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एक वर्ष का शिक्षण अनुभव;<br>(iii) अंग्रेजी पढ़ने, लिखने और बोलने में दक्षता;<br>(iv) खेलों में न्यूनतम वरिष्ठ माध्यमिक स्तर की भागीदारी;<br>(v) कंप्यूटर में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के उपयोग का बुनियादी ज्ञान.<br>(vi) केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) उत्तीर्ण. |

2. **आयु सीमाः** 30 वर्ष से अधिक नहीं. अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी.

**नोटः** पूर्व सैनिक (केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग) को छूट मौजूदा सरकारी आदेशों के अनुसार दी जाएगी.

**नोट 2ः** आयु सीमा निर्धारित करने की निर्णायक तिथि भारत में रहने वाले उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी (न कि असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख संभाग, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले और चंबा जिले के पांगी उप-संभाग, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह या लक्षद्वीप के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित अंतिम तिथि).

3. अंतिम तिथि रोज़गार समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 42 दिन (06 सप्ताह) होगी. अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए "प्रधानाचार्य, राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय, अजमेर" के पक्ष में रु. 50/- मूल्य का डिमांड ड्राफ्ट (डीडी)/रेखांकित भारतीय पोस्टल ऑर्डर (आईपीओ) आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा.

4. यदि आवश्यक हो, तो प्रधानाचार्य, राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय, अजमेर रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

5. यदि विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक है और सभी उम्मीदवारों के लिए परीक्षा आयोजित करना सुविधाजनक या संभव नहीं होगा, तो कमांडेंट/प्रधानाचार्य निर्धारित न्यू नतम आवश्यक योग्यताओं या वांछनीय योग्यताओं में प्राप्त अंकों के प्रतिशत या विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम से अधिक योग्यता या अनुभव के आधार पर उम्मीदवारों की संख्या को एक उचित सीमा तक सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। इसलिए, उम्मीदवारों को आवश्यक योग्यता के अतिरिक्त सभी योग्यताओं का उल्लेख करना चाहिए और उनके समर्थन में प्रमाण

सुरक्षित रखता है। इसलिए, उम्मीदवारों को न्यूनतम योग्यता के अतिरिक्त सभी योग्यताओं का उल्लेख करना चाहिए और उनके समर्थन में प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां संलग्न करनी चाहिए.

6. पूरा विज्ञापन, विवरण और आवेदन पत्र का प्रारूप वेबसाइट **www.rashtriyamilitaryschools.edu.in** से डाउनलोड किया जा सकता है.

**EN 26/92** **प्रधानाचार्य**